## एक नजर में



### कला शिक्षा विभाग में हुआ दीपावली मिलन

**उज्जैन।** सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा नवीन कला शिक्षा विभाग की स्थापना विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक कदम है। विभाग के विद्यार्थियों में जो प्रतिभा और सृजनशीलता है, वह यह दर्शाती है कि यह विभाग न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि रचनात्मकता और सांस्कृतिक समृद्धि के क्षेत्र में भी नई दिशा देगा। सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की सतत शिक्षा अध्ययनशाला में कला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह 2025 के भव्य आयोजन में कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए उपरोक्त उद्गार व्यक्त किए। विशेष अतिथि डॉ. सुशील कुमार शर्मा एवं सतीश दवे थे। अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने इस आयोजन को लेकर अपने प्रेषित संदेश ने कहा कि यह विभाग के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट आयोजन हैं। वरिष्ठ रंगकर्मी व विभाग के संयोजक सतीश दवे ने अपना उद्बोधन दिया। प्रभारी संचालक डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि कला का दायरा असीम है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना और कुलगान के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। अंत में दीपावली के पारंपरिक व्यंजनों से सुसज्जित स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। संचालन रेखा अडसुले ने किया, जबकि अतिथि परिचय डॉ. हेमलता ओझा, अमित पिठवे और योगिनी पिटले ने प्रस्तुत किया। समारोह में भूषण जैन, परिधि नीमा, सीमा धुलेकर, अमित माथुर, शिरीष सत्य प्रेमी, सुदर्शन स्वामी, चितेंद्र सिसौदिया, प्रकाश देशमुख, रौनक शाक्य, मृदुल बाली, चैतन्य रावल, केतकी ओझा एवं सतीश चोरड़िया सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मप्र में रबी मक्का महोत्सव का आयोजन

**उज्जैन।** बायर जो स्वास्थ्य सेवा और कृषि में वैश्विक विशेषज्ञता रखता है। मध्य प्रदेश के प्रमुख जिलों में किसानों के लिए कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। इन कार्यशालाओं में मक्का के महत्व जैसे खाद्य, चारा और सतत ईंधन के रूप को बताया जाएगा। यह किसान-केंद्रित रोड शो कई जिलों के गांवों में होंगे, जो छोटे किसानों की बेहतर उपज और आय बढ़ाने में बायर की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। 10 अक्टूबर से ही उपरोक्त जिले के गांवों में किसान बैठक की जा रही है। मक्का एक वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण फसल है और यह भोजन, पशु आहार और औद्योगिक कच्चे माल का अहम स्रोत है। यह संवादात्मक, कार्यशालाएं किसानों को आधुनिक फसल प्रबंधन की पूरी जानकारी देंगी। जिससे उनकी उपज बढ़ेगी और मिट्टी स्वस्थ रहेगी। जिससे किसान अधिक उत्पादन कर सकें और मिट्टी की सेहत भी बनाए रख सकें। इस पहल पर बोलते हुए बायर इंडिया, बांग्लादेश और श्रीलंका के क्लस्टर कमर्शियल लीड (क्रॉपसाइंस डिवीज़न) मोहन बाबू ने कहा बायर में हमारा उद्देश्य हर किसान को सही जानकारी, तकनीक और फसल समाधान देकर सशक्त बनाना है। अधिक जानकारी के लिए तथा महोत्सव में भाग लेने के लिए किसान टोल-फ्री नंबर हैलो बायर 1800-120-4049 पर कॉल कर सकते हैं।

### देवस्थान पर अन्नकूट महोत्सव आज

**उज्जैन।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री शिरडी साईबाबा द्वारकामाई (अखण्ड धुनी) देवस्थान पर अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह आज 30 अक्टूबर गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। महाकाल मार्ग गुदरी चौराहा पर चौबीस खंभा माता मंदिर के पीछे स्थित श्री शिरडी साईबाबा द्वारकामाई अखण्ड धुनी देवस्थान पर सदगुरु साईनाथ महाराज अन्नकूट महोत्सव दर्शन आज सायं 6 बजे से प्रारंभ होंगे। वहीं श्री साईबाबा भजन संध्या सायं 7 बजे से प्रारंभ होगी। साथ ही सच्चिदानन्द सद्गुरु श्री साईनाथ महाराज अन्नकूट महाआरती सायं 7 .30 बजे होगी। महाआरती के पश्चात् अन्नकूट महोत्सव महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। साई नरेशानंद महाराज शिरडी वासी के सानिध्य में होने वाले महोत्सव में परिवार व ईष्टमित्रों सहित पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।



### ताम्रकार समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु जयंती

**उज्जैन।** ताम्रकार समाज उज्जैन द्वारा बड़े हर्ष उल्लास से राजाधिराज श्री श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन महाराज की जयंती मनाई गई। अध्यक्ष निशिकांत ताम्रकार ने बताया कि ताम्रकार समाज उज्जैन द्वारा सहस्त्रबाहु जयंती पर समाज के बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं महिलाओं द्वारा गीत संगीत के माध्यम से आराध्यदेव की भक्ति की। पूजन के साथ ही महाप्रसादी का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष ताम्रकार, जितेंद्र ताम्रकार, सचिन ताम्रकार, गौरव ताम्रकार, सोमेश ताम्रकार, इशांत ताम्रकार ने सहयोग किया।

### दो युवकों का एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा

**उज्जैन।** सुसनेर से तस्कर की एमडी ड्रग्स लेकर देवास के लिए निकले दो पेडलर को राघवी थाना पुलिस ने पकड़ा है। इनके कब्जे से 42 ग्राम एमडी ड्रग्स, बाइक, दो मोबाइल और 2350 रुपए कैश जब्त किए हैं। दोनों को न्यायालय में पेश किए जाने पर 2 दिन का पुलिस रिमांड मिला है। आरोपियों ने सुसनेर के ड्रग्स तस्कर के बारे में पुलिस को जानकारी दी है। राघवी थाना प्रभारी वीरेन्द्र बंधेवार के अनुसार सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को आगर रोड स्थित झांगरा फंटा से बाइक सवार तस्करों को पकड़ा। पुलिस को देख दोनों ने भागने का प्रयास किया। लेकिन घेराबंदी कर पुलिसकर्मियों ने दोनों को धरदबोचा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम इकरार और मुशर्रफ उर्फ बाबू खां दोनों निवासी देवास बताया। तलाशी में उनके कब्जे से 42 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली जिसकी कीमत 2.10 लाख रुपए है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया और बुधवार को उज्जैन एनडीपीएस न्यायालय में आरोपियों को पेश किया गया था। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। आरोपी सुसनेर के तस्कर का माल लेकर देवास जा रहे थे। पुलिस इनसे सुसनेर के तस्कर सहित देवास के इनके संपर्क की जानकारी भी इनसे ले रही है।

### निगम ने जेसीबी से अवैध निर्माण कार्य हटाया

**उज्जैन।** कलेक्टर जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत के क्रम में झोन क्रमांक 05 द्वारा वार्ड क्रमांक 43 स्थित वाल्मीकि नगर में निवासरत परवीन पति ताराचंद सामनिया ने अवैध रूप से फर्जी पट्टा प्रस्तुत करते हुए संबंधित भूमि पर अवैध निर्माण किया गया था। जिसे नगर निगम द्वारा सर्व संबंधित को नोटिस जारी करते हुए उक्त अवैध निर्माण को जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत प्राप्त हुई थी कि सर्व संबंधित द्वारा अवैध रूप से फर्जी पट्टा प्रस्तुत किया जाकर मकान का निर्माण किया गया है। राजस्व विभाग की जांच में पाया गया कि उक्त पट्टा फर्जी है साथ ही बिना किसी अनुमति लिए अवैध निर्माण किया गया है। जिसे हटाया जाना है जिसके क्रम में बुधवार को अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, सहायक यंत्री रवि राठौर, उपयंत्री सौम्या चतुर्वेदी द्वारा नगर निगम रिमूवल गैंग एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में उक्त अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से हटाने की कार्रवाई की गई।

## सिंहस्थ मेला क्षेत्र में यूडीए ने बनाया प्लान बी,जमीन तो लेंगे इसमें भी

### 30 करोड़ श्रद्धालुओं साधु संतों के लिए किए जाएंगे निर्माण, पहले चरण में सड़क, सीवरेज की व्यवस्था

**उज्जैन। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में 5 हजार करोड़ की लैंड पूलिंग योजना पर भले ही जमीन का संकट व्यापत है ,इसके बावजूद स्थाई निर्माण के लिए विकास प्राधिकरण ने प्रक्रिया शुरू कर दी है,आगंतुक अतिथियों, श्रद्धालुओं, साधु संतों के लिए यहां जिला प्रशासन द्वारा सुविधाएं जुटाई जा रही है।**



नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार पिछले सोमवार से लगातार किसानों का आना-जाना विकास प्राधिकरण में लगा हुआ है, वहीं अधिकारियों ने भी 2028 के मद्देनजर जो बी प्लान बनाया है। उसकी जानकारी किसानों को दी जा रही है पहले वाली योजना में 50 प्रतिशत जमीन लैंड पूलिंग योजना के तहत ली जा रही थी, उसमें थोड़ा प्लान चेंज किया गया। भले विकास प्राधिकरण सड़क सीवरेज के स्थाई निर्माण की बात कर रहा हो बावजूद इसके, किसान अभी भी अज्ञात भय में हैं। उन्हें डर है कि यदि उन्होंने सड़क, नाली, बिजली के कार्य के लिए सहमति दे दी, तो बाद में लैंड पूलिंग के तहत उनकी 50 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण किया जा सकता है। हालांकि, अधिकारियों ने किसानों को संकेत दिए हैं कि जो बातें तय हो रही हैं, वही काम होगा। ऐसे में किसान लगातार विकास प्राधिकरण पहुंचकर योजना के संबंध में जानकारी जुटा रहे हैं, जिससे अधिकारियों पर संवाद और स्पष्टता बनाए रखने का दबाव है।

#### किसानों को मुआवजे का आश्वासन

किसानों के घर-घर जाकर यहां तक की खेत में भी पहुंच कर विकास प्राधिकरण द्वारा गठित टीम यह समझाने की कोशिश कर रही है कि पहले वाली योजना के तहत लैंड पूलिंग में 50 प्रतिशत जमीन नहीं ली जा रही है। मात्र सड़क, नाली, गटर, पेयजल, बिजली जैसी व्यवस्था करने के लिए निर्माण कार्य शुरू करेंगे। इसमें घबराने की कोई बात नहीं है और यदि थोड़ी बहुत जमीन सड़क नाली की व्यवस्था में जाएगी तो उसका मुआवजा भी दिया जाएगा। विकास प्राधिकरण ने सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थाई प्रकृति के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। विकास प्राधिकरण का मुख्य फोकस 30 करोड़ श्रद्धालुओं, साधु-संतों और आगुंतकों की सुविधाओं के लिए स्थाई निर्माण पर है। पक्की सड़कों का निर्माण ताकि साधु-संतों के पड़ाव और टेंट-तंबू तक पहुंच आसान हो। सीवरेज सिस्टम और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा।

#### पक्की सड़क, सीवरेज सिस्टम तैयारी

सिंहस्थ 2028 मेला क्षेत्र में जहां पहले लैंड पूलिंग योजना बनाई गई थी। वहीं पर सड़क नाली बिजली और पेयजल की सुविधा के मद्देनजर विकास प्राधिकरण स्थाई निर्माण करना चाहता है और इसके लिए अधिकारियों की टीम भी तैनात कर दी है। संभाग आयुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, और यूडीए के सीईओ संदीप सोनी किसानों के साथ लगातार संवाद कर रहे हैं। योजना की मॉनीटरिंग भी की जा रही है। अधिकारियों का एक विशेष दल घर-घर जाकर किसानों को समझा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल लैंड पूलिंग के तहत जमीन नहीं ली जा रही है। अभी केवल सड़क, नाली, बिजली इत्यादि स्थाई सुविधाओं के लिए किसानों की जिन जमीनों पर निर्माण होगा, उनके लिए मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए जो नया लेआउट तैयार किया है वह भी दिखाया जा रहा है।

## हिन्दू युवती के साथ निक्की पैलेस में रूका था मुस्लिम युवक

### हिन्दूवादी संगठन ने पकड़ा, पुलिस कर रही पूछताछ

**उज्जैन। महाकाल क्षेत्र में हिन्दू युवती के साथ होटल में ठहरे मुस्लिम युवक की सूचना मिलने पर हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे। मुस्लिम युवक पश्चिम बंगाल का होना सामने आया है।**

बताया जा रहा है कि 2 दिनों से महाकाल क्षेत्र की होटल निक्की पैलेस के कमरा नम्बर 309 में हिन्दू युवती के साथ मुस्लिम युवक के ठहरने की सूचना पर बुधवार शाम हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे। होटल में मुस्लिम युवक के साथ हिन्दू युवती के होने की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। दोनों को होटल के कमरे से बाहर निकाला गया। पूछताछ करने पर मुस्लिम युवक जमाल इस्लाम निवासी पश्चिम बंगाल का होना सामने आया। दोनों को पुलिस अपने साथ थाने लेकर आई। जहां पूछताछ की जा रही है। युवती के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पूछताछ के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा। महाकाल क्षेत्र की होटलों में बाहर से आकर मुस्लिम युवक-हिन्दू युवती के पहले भी मामले सामने आ चुके हैं। मुस्लिम युवक हिन्दू युवतियों को बरगलाकर उज्जैन लाते हैं और होटलों में उनका शोषण किया जाता है। हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता कई मामलों को उजागर कर चुके हैं। होटल वाले भी बिना दस्तावेजों के ऐसे लोगों को रूम उपलब्ध करा देते है। जबकि पुलिस प्रशासन के सख्त निर्देश है कि होटल में ठहरने वालों के दस्तावेज लिये जाये और उनकी जानकारी संबंधित थाने पर दी जाये। लेकिन चंद रूपयों के लालच में होटल वाले पुलिस से जानकारी छुपा लेते हैं।

### आज नगर निगम का विशेष सम्मेलन

**उज्जैन।** उज्जैन नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन आज 30 अक्टूबर गुरुवार को समय दोपहर 1:00 बजे से छत्रपति शिवाजी भवन उज्जैन नगर पालिक निगम के सभागृह में निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विचारार्थ रखे जाने वाले 14 प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

## दिन-रात के तापमान में रहा 2 .5 डिग्री सेल्सियस का फासला

### 24 घंटे में गिरा 5 डिग्री, 10 किलोमीटर घंटे की रफ्तार से चल रही हवा





**उज्जैन।** अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के साथ चक्रवार्ती तूफान से धार्मिक नगरी का मौसम पूरी तरह से बदल गया है। बुधवार को दिन और रात के तापमान में 2.5 डिग्री का फासला रह गया। दिन में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने ठंड बढ़ा दी है।

अक्टूबर माह का तीसरा सप्ताह बीतने के बाद मौसम विभाग ने बदलाव के संकेत जारी कर दिए थे। मध्य अरब सागर में बने कम दबाव के क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र में पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से मौसम बदलता दिखाई दे रहा है। इसी बीच चक्रवाती तूफान मोंथा ने दस्तक दे दी। जिसके चलते मौसम में एकाएक बड़ा बदलाव आ गया है। शहर में दो दिन से आसमान में छाए बादलों की मौजूदगी बनी हुई है। सोमवार को बारिश भी हुई। मंगलवार शाम अंधेरा ढलने के बाद शहर में धुंध छाने लगी थी। जैसे-जैसे अंधेरा बढ़ रहा था, धुंध के साथ ओस की बूंदे भी गिरने लगी थी। रात में ही ठंड बढ़ने से सड़कों पर जल्द ही सन्नाटा पसर गया था। लोग गर्म कपड़ों में दुबकते नजर आ रहे थे। बुधवार भौर होने पर धार्मिक नगरी कोहरे की आगोश में दिखाई दी। सुबह 9 तक धुंध छाई हुई थी, आमतौर पर सुबह जल्द शुरू होने वाला आवागमन और गतिविधियां पूरी तरह से रफ्तार नहीं पकड़ सकी थी, बाजार में दुकान भी देरी से खुली और दिन भर 10 से 15 किलोमीटर की रफ्तार से ठंडी हवा चलती रही। बुधवार को भी सूर्य देव दिखाई नहीं दिए। शाम को शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया मंगलवार के मुकाबले दिन के तापमान में 5 डिग्री की गिरावट आई थी। इससे पहले मंगलवार बुधवार रात न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री दर्ज किया गया था। 24 घंटे में दिन और रात के तापमान में मात्र 2.5 डिग्री का फासला रह गया था। स्थानीय वेधशाला के अनुसार उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवा से तापमान में कमी आई है आसमान साफ होने पर हवा की गति और तेज होगी और मौसम में ठंडक बढ़ जाएगी। वैसे इस बार ठंड का आगाज नवंबर के दूसरे सप्ताह में होने की उम्मीद थी लेकिन मौसम की दो प्रणालियों के सक्रिय होने के साथ चक्रवार्ती तूफान की दस्तक से पहले ही मौसम पूरी तरह से बदल गया है।

#### गर्म कपड़ों में दिखे लोग, बाजार में लगी दुकाने

मौसम में आए बदलाव के बाद मंगलवार शाम से ही लोग गर्म कपड़े में दिखाई देने लगे थे। घरों में अक्टूबर के दूसरे सप्ताह के अंतिम दिनों तक चल रहे ऐसी कलर की रफ्तार भी थम गई थी। अचानक दो दिनों से बड़ी ठंड और लोगों को गर्म कपड़े पहने देखा बाजार में भी जैकेट स्वेटर की दुकान दिखाई देने लगी थी। सड़कों पर जैकेट बेचने वालों की संख्या भी अधिक दिखाई देने लगी है। ठंड बढ़ने के साथ हुई बारिश से किसानों को फायदा पहुंचा है। रबी की फसल बोने के लिए खेतों का रुख कर चुके हैं। बारिश की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के कुछ खेतों में पानी भरा हुआ है जिसको निकालने की मशक्कत किसानों द्वारा की जा रही है।

## मालगाड़ी के सामने लेटकर युवक ने की आत्महत्या, रीवा का था निवासी

### निजी कंपनी में काम करता था मृत युवक

**उज्जैन।** सी केबिन के पास मंगलवार बुधवार रात युवक ने मालगाड़ी के सामने लेट कर आत्महत्या कर ली। शरीर से गर्दन अलग हो चुकी थी। सूचना पर दो थानों की पुलिस पहुंची। मृतक रीवा का रहने वाला सामने आया है परिजनों के आने पर बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम कराया गया।

माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि रात 11 बजे के लगभग सूचना मिली कि छोटी मायापुरी क्षेत्र के रेलवे एरिया में सी केबिन के पास एक युवक ने मालगाड़ी के सामने लेट कर आत्महत्या कर ली है। पटरियों पर उसका गर्दन कटा शव पड़ा है। सूचना पर चिमनगंज और माधवनगर थाना पुलिस पहुंची। घटना स्थल माधवनगर थाना क्षेत्र का होने पर बॉडी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाई गई। बताया जा रहा है कि मृतक के पास से एक लैपटॉप और मोबाइल मिला है जो लॉक होने की वजह से पुलिस खोल नहीं सकी। बावजूद इसके पहचान करने पर सामने आया मृतक संदीप पिता रामदीन तिवारी है और रीवा का रहने वाला है। उज्जैन में प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था और तीन माह से रह रहा था पुलिस के अनुसार जिस तरह से घटनाक्रम सामने आया है उससे प्रतीत होता है कि मामला आत्महत्या का है। परिवार के आने पर दोपहर में पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के मोबाइल और लैपटॉप की जांच की जाएगी वहीं परिजनों के बयान और जिस कंपनी में काम करता है उसे कंपनी के लोगों से पूछताछ के बाद ही आत्महत्या की वजह सामने आ पाएगी।

### एसपी ने पुलिस मित्रों को सम्मानित किया

**उज्जैन।** पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने पुलिस मित्रों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। त्योहार, वीआईपी ड्यूटी और यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए हेड धनंजय शर्मा और सभी मित्रों को मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाई दी गई। यह सब लोग समाज में सहयोग ओर पुलिस मित्रों ने सामाजिक सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं।

### संकल्प वृद्धाश्रम सीहोर से आए वरिष्ठजनों ने किए महाकाल मंदिर के दर्शन



**उज्जैन।** संकल्प वृद्धाश्रम सीहोर के लगभग 35 वरिष्ठजनों ने बुधवार को उज्जैन आकर महाकाल दर्शन किए। दर्शन के उपरांत सभी वरिष्ठजनों ने मंदिर समिति द्वारा संचालित निःशुल्क अन्नक्षेत्र में भोजन प्रसादी ग्रहण की। आश्रम के प्रबंधक राहुल सिंह ने बताया समिति द्वारा उनके लिए उचित दर्शन व्यवस्था की। मंदिर पहुंचकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए।

## मेले में टेस्टिंग एवं तकनीकी परीक्षण के बाद ही झूले प्रारंभ करवाएं : आयुक्त

**उज्जैन। क्षिप्रा नदी के तट पर परंपरागत रूप से लगने वाले कार्तिक मेले का आयोजन 4 नवंबर से 3 दिसंबर तक होगा। नगर निगम द्वारा मेला क्षेत्र में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। जिसके क्रम में बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निगम अधिकारियों के साथ कार्तिक मेले में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्तिक मेले में लगने वाले झूलों की टेस्टिंग एवं तकनीकी परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही झूले प्रारंभ करवाए जाएं। मेला क्षेत्र में लगने वाली दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए वायरिंग की बारीकी से जांच की जाए। साथ ही मेला क्षेत्र में जो दुकाने लगी हुई है उन्हें निर्धारित लेआउट अनुसार व्यवस्थित बनवाई जाए। आयुक्त ने निर्देशित किया गया कि मेला अवधि के दौरान मेला क्षेत्र में अतिक्रमण ना हो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मेले में आने वाले नागरिकों को नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाएं मिले, आवागमन व्यवस्थित हो भीड़ प्रबंधन का विशेष रूप से ध्यान रखें।



जिन दुकानदारों द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से दुकानों का आवंटन प्राप्त किया है। सिर्फ उन्हीं दुकानदारों की दुकानें संचालित होगी अनाधिकृत रूप से अवैध दुकान बिल्कुल भी संचालित नहीं होगी इसके लिए टीम लगातार मॉनिटरिंग करें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त संजेष गुप्ता, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त, कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

**एक नजर** सिद्धदासवामनाय हनुमान के समक्ष छप्पन भोग में 125 से अधिक व्यंजन अर्पित किए

## सनातनी संस्कृति में अन्नकूट का भारतीय लोक जीवन में बहुत ज्यादा महत्व है : कलावती यादव

**उज्जैन। वामनेश्वर महादेव मंदिर अवंतीपुरा स्थित श्री सिद्धदासवामनाय हनुमान के समक्ष वर्ष 2004 से आज तक अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत 56 भोग अर्पित किए जाते रहे हैं।**

उक्त परंपरा को वामनेश्वर भक्त मंडल द्वारा विगत 21 वर्षों से निरंतर एवं नियमित निर्वाह करने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए नगर निगम सभापति कलावती यादव ने अन्नकूट महोत्सव की महाआरती के बाद कहा कि वार्ड क्रमांक 15 की स्थानीय रहवासी महिलाओं द्वारा प्रतिदिन भगवान के समक्ष भजन, कीर्तन, पूजा आदि के कारण मंदिर के प्रतिमाएं सिद्ध हो चुकी है जो भगवान वामनेश्वर एवं हनुमान जी के समक्ष हम जो मन्नत करते हैं वह पूर्ण होती है। श्रीमती यादव ने कहा कि सनातनी संस्कृति में अन्नकुट का भारतीय लोक जीवन में बहुत ज्यादा महत्व है इस इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा संबंध भगवान एवं भक्ति का दिखाई देता है अन्नकूट के अंतर्गत जो छप्पन भोग भगवान के समक्ष हम अर्पित करते हैं वह व्यंजन हमें सुख, समृद्धि, वैभव, यश, कीर्ति के साथ पूरे वर्ष भर हमें मिलते रहे इन्ही कामनाओ के साथ हम अन्नकूट पर्व मानते आये है।



अन्नकूट पर्व को समाजसेवी नारायण यादव (दयालु दादा), भाजपा नगर जिला महामंत्री जगदीश पांचाल एवं वरिष्ठ नेता शील लश्करी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, कुमावत समाज के अध्यक्ष योगेश डीडवाना भी शामिल हुए।

उक्त जानकारी वामनेश्वर भक्त मंडल के सदस्य आशीष डूंगरवाल एवं प्रमोद वर्मा ने देते हुए बताया की भगवान को अर्पित किए गए अन्नकूट के व्यंजनों एवं हनुमान जी का पूजन अर्चन अतिथियों के द्वारा पंडित नरेंद्र बैरागी ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ करवाया। इस वर्ष अन्नकूट महोत्सव के दौरान सिद्धदासवामनाय हनुमान, वामनेश्वर महादेव एवं वामन महाराज के समक्ष 56 भोग के स्थान पर 125 से अधिक व्यंजन कार्यक्रम के संयोजक डॉ.घनश्याम शर्मा एवं सहसंयोजक अखिलेश डूंगरवाल के सानिध्य में भगवान के समकक्ष सजाये जा कर अर्पित किये गए हैं महाआरती के पुर्व 50 से अधिक महिलाओं ने सायंकाल 5 :00 बजे से लेकर रात्रि 8 .00 बजे तक भगवान के भजन, कीर्तन किये गए। अतिथियों का स्वागत भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. घनश्याम शर्मा एवं सहसंयोजक अखिलेश डूंगरवॉल, आशीष डूंगरवाल, जितेंद्रसिंह बेस, सुनील लाहोटी, नेनु कश्यप आदि ने किया।

अन्नकूट कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जीवाजीगंज मंडल के महामंत्री धर्मेंद्र परिहार, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमावत, बालमुकुंद मीणा, मनीष अग्रवाल, विजय सिरोहिया, रूपसिंह राठौड़, मिलन गुर्जर, अंकित राणा, महेंद्र जैन, मनसुखलाल झवर, प्रदीप वैष्णव, गिरीश आर्य, एस के जैन (काला), बसंत कुमार नीमा, रविंद्र सिंह जादौन, बाबू सिंह ठाकुर, अनिल लाहोटी, यशोदा बाई, पूनम शर्मा, पुष्पा शर्मा, संतोष बाई के साथ सैकड़ो की संख्या में वामनेश्वर भक्त एवं मातृशक्ति उपस्थित थी। महाआरती के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित वामनेश्वर भक्त एवं मातृशक्ति के भगवान को अर्पित किए गए व्यंजनों का प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सतीश राठौर ने किया एवं आभार जितेंद्र भाटी ने माना।